# कोलाना हवाई पट्टी का निरीक्षण दिनांक 11.06.2017

कोलाना हवाई पट्टी निरीक्षण दिनांक 11.06.2017 को अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उप वन संरक्षक झालावाड़, XEN PWD झालावाड़ एवं AEN PWD झालावाड के साथ निरीक्षण किया गया। प्रयोक्ता ऐजेन्सी PWD झालावाड़ द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया एवं स्थानीय अधिकारियों से विचार विमर्श किया गया एवं कार्यक्षेत्र का घूम फिर कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि PWD अधिकारियों द्वारा मौके पर बतायी गयी स्थिति एवं प्रस्तुत प्रस्ताव में संलग्न नक्शों में भिन्नता पायी गयी जिसे दुरूस्त करवाने के निर्देश दिये गये। प्रस्तावित हवाई पट्टी मुकन्दरा नेशनल पार्क से लगभग 6.5 कि.मी. दूर स्थित है। चूंकि मुकन्दरा नेशनल पार्क के चारों ओर ईको सेन्सेटीव जोन की अधिसूचना जारी नही हुई है। अतः जब तक ईको सेन्सेटीव जोन संबंधी अधिसूचना जारी नही हो जाती है तब तक उक्त संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश प्रभावी रहेगें। अतः इन प्रस्तावों का परीक्षण उसी अनुरूप किया जाना है। हवाई पट्टी का विस्तार इस क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर प्रस्तावित किया गया है। अतः इसकी स्वीकृति की अनुशंषा की जाती है।

23/6/17

(इन्द्राज सिंह)
अति0 प्रधान मुख्य वन संरक्षक
कोटा